गीदगढ़ में आकाशीय बिजली, आंधी का कहर

▸ डेढ़ सौ साल पुराना पीपल का पेड़ गिरने से बुजुर्ग घायल, मकान क्षतिग्रस्त

नवभारत न्यूज

सलामतपुर, 4 जुलाई. जिले के सांची विकासखंड के ग्राम गीदगढ़ में शनिवार को आंधी और आकाशीय बिजली के दौरान एक विशाल पीपल का पेड़ जड़ से उखड़कर एक मकान पर गिर गया. हादसे में 62 वर्षीय बुजुर्ग मदनलाल मालवीय घायल हो गए, जबकि घर में रखा सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया. घर के अन्य सदस्य समय रहते बाहर निकल गए, जिससे बड़ा हादसा टल गया.

बताया जा रहा है कि करीब 150 वर्ष पुराना विशाल पीपल का पेड़ सीधे मदनलाल मालवीय के घर पर आ गिरा, जिससे मकान का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया. पेड़ के नीचे स्थापित भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा भी मलबे में दब गई. घटना की सूचना मिलते ही पटवारी ललित दुबे और ग्राम सरपंच लीलाकृष्ण अहिरवार मौके पर पहुंचे.

> अधिकारियों ने नुकसान का जायजा लिया और आवश्यक कार्रवाई शुरू की. ग्रामीणों के अनुसार यदि परिवार के सदस्य समय पर घर से बाहर नहीं निकलते तो बड़ा जनहानि हादसा हो सकता था. प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित सहायता उपलब्ध कराने की मांग की गई है.

बेगमगंज के श्यामनगर में सड़क निर्माण की मांग

बेगमगंज, 4 जुलाई. नगर के वार्ड क्रमांक 18 श्यामनगर में पक्की सड़क निर्माण को लेकर वार्डवासियों द्वारा विधायक देवेंद्र पटेल को ज्ञापन देखकर सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की है. वार्डवासी राजपाल, रविशंकर, आकाश, रमेश, सचिन, गंगाराम, तेज प्रताप, सोमतसिंह, राजू सेन, राजेंद्र सहित दो दर्जन से अधिक लोगों ने ज्ञापन में कहा कि विश्वकर्मा धर्मशाला के पास वाली सड़क कच्ची होने से जहां के निवासी विशेषतौर पर विद्यार्थियों को कीचड़ , गंदगी से आवागमन में परेशानी उठाना पड़ रही है. जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं. श्यामनगर की सड़क स्त्रद्म पक्का निर्माण कराया जाए. विधायक पटेल ने वार्डवासियों को आश्वस्त किया है कि शीघ्र ही संबंध में वह कदम उठाएंगे.

तेज वर्षा के बीच तीन स्थानों पर गिरी बिजली

▸ कोई जनहानि नहीं, विद्युत उपकरण हुए खराब

नवभारत न्यूज

बेगमगंज, 4 जुलाई. शनिवार शाम करीब 4 बजे नगर में तीन स्थानों हनुमान बाग अंबिका पैथोलॉजी के पास मोबाइल टॉवर पर आकाशीय बिजली गिरने से टॉवर में लगी लाल लाइट चकनाचूर होकर बिखर गई और दो मशीनें जल गई जिससे 2 लाख की हानि होना बताया गया है. वहीं टॉवर की जड़ में बिजली धसती हुई भूमि के अंदर समा गई.

वहीं वर्षों से बंद पड़ी अजंता टॉकीज के ऊपर लगे ताड़ित

चालक और भोपाल रोड पर चकला नाले के पास प्रकाश पटेल पैट्रोल पंप के पास भी गिरी. नगर में 20 से 25 टीवी, फ्रिज जलने की शिकायत बिजली कंपनी को मिली है. वही मनोज गुप्ता की बड़ी एलईडी टीवी जल गई. आज नगर में विभिन्न लोगों का लगभग 5 से 10 लाख का नुकसान होना बताया गया है. तहसीलदार प्रमोद उइके का कहना है कि अभी तीनों स्थानों सहित तहसील में किसी प्रकार की जनहानि का समाचार नहीं है. सभी पटवारियों को अपने -अपने क्षेत्र की तत्काल रिपोर्ट देने के लिए निर्देशित किया गया है. तहसीलदार प्रमोद उइके ने अपनी टीम के साथ चकला नाला , बर्री कला एवं सेमरी नदी के हफसीलि घाट सहित नगर के कई स्थानों का औचक निरीक्षण कर अचानक आई आपदा का अवलोकन किया ओर लगातार स्थिति का जायजा ले रहे है. उन्हें अभी तक किसी प्रकार की अनहोनी की खबर नही मिली है.

एक नजर में

ग्रामीणों को साइबर अपराधों से बचने दी जानकारी

रायसेन, 4 जुलाई. पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशन में संचालित 2.0' साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज ग्राम बरबटपुर, चौकी सैंडोरा, थाना कोतवाली, जिला रायसेन में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं आमजन को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक दीपक नायक, एसडीओपी प्रतिभा शर्मा, थाना प्रभारी कोतवाली नरेंद्र गोयल, चौकी प्रभारी सैंडोरा, सरपंच, मीडिया प्रतिनिधि एवं ग्राम के नागरिक उपस्थित रहे.

इस अवसर पर लगभग 100 ग्रामीणों को साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, उपस्थित नागरिकों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी कॉल, ओटीपी एवं बैंकिंग संबंधी धोखाधड़ी, सोशल मीडिया फ्रॉड, फर्जी लिंक, डिजिटल अरेस्ट, निवेश एवं ट्रेडिंग फ्रॉड, क्यूआर कोड स्कैम सहित विभिन्न साइबर अपराधों के तरीकों से अवगत कराते हुए उनसे बचने के उपाय बताए गए. कार्यक्रम में नागरिकों से अपील की गई कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ अपनी बैंकिंग अथवा व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें, किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें तथा साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें अथवा सरकारी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं.

एसडीएम ने किया आंगनबाड़ियों का औचक निरीक्षण

बेगमगंज, 4 जुलाई. नवागत एसडीएम प्रियंका भलावी द्वारा नगर के आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान परियोजना अधिकारी संगीता ठाकुर एवं सुपरवाइजर सुमनलता शर्मा उपस्थित रहीं. एसडीएम प्रियंका भलावी द्वारा वार्ड क्रमांक 2 एवं वार्ड क्रमांक 13 के आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया. इस दौरान

बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार, साफ- सफाई एवं अभिलेखों की जांच की गई तथा आवश्यक निर्देश भी दिए गए. बच्चों का वजन देखा और पोषण ट्रैकर एप की समस्त एंट्री की समीक्षा की तथा बच्चों के साथ मनोरंजक गतिविधियों में शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया. स्वसहायता समूह द्वारा प्रदाय भोजन और नाश्ता की गुणवत्ता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. वार्ड क्रमांक 2 में सोनाली पंथी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और वार्ड क्रमांक 13 में धनबाई कुशवाहा के केंद्र पर अभिलेख की जानकारी ली.

शासकीय महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम

उदयपुरा, 4 जुलाई. शासकीय महाविद्यालय उदयपुरा में प्राचार्य पंकज आर्य के मार्गदर्शन में 1 से 3 जुलाई तक दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य नव प्रवेशित विद्यार्थियों को कॉलेज के नए माहौल में ढलने में मदद करना और उन्हें संस्थान की संस्कृति, शैक्षणिक ढांचे व परीक्षा प्रणाली से परिचित कराना रहा. प्रथम दिन उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम की से संयोजक डॉ पार्वती व्याग्रे ने विद्यार्थियों को बताया कि दीक्षा आरंभ कार्यक्रम एक सनातन परंपरा है, जिसमें ज्ञान मूल्य और परंपराओं को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम होता है. कार्यक्रम के संयोजक डॉ गौरव डेरिया संवाद शैली में विद्यार्थियों से जुड़े उन्होंने नव प्रवेशित विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे तथा उन्हें नशे से दूर रहने झूठ नहीं बोलने और मानवीय मूल्यों के प्रति संवेदनाएं बनाए रखना की समझाइश दी. कार्यक्रम के दूसरे दिन महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री प्रतीक लोधी द्वारा विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति ,एन एस एस ,बहु विषयक शिक्षा प्रणाली ,क्रेडिट कौशल विकास की विस्तृत जानकारी दी गई. कार्यक्रम के तीसरे दिन इंटर्नशिप खेलकूद की लाइब्रेरी युवा उत्सव एंटी रैगिंग आदि पर विस्तृत जानकारी दी गई. कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ काव्या सिंह , डॉ श्याम नेमा, संदीप भारके एवं कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा.

प्राइवेट स्कूलों की मनमानी, अभाविप का प्रदर्शन

▸ एसडीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

सिलवानी, 4 जुलाई. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) इकाई सिलवानी ने शनिवार को क्षेत्र के निजी स्कूलों में कथित अनियमितताओं और छात्रों के आर्थिक शोषण के विरोध में अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) के नाम ज्ञापन सौंपकर सात दिन के भीतर जांच और कार्रवाई की मांग की.

ज्ञापन में परिषद ने आरोप लगाया कि निजी स्कूल शिक्षा के अधिकार (ऋञ्जश्व) अधिनियम और शासन के विभिन्न निर्देशों का उल्लंघन कर छात्रों एवं

अभिभावकों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं. अभाविप ने कहा कि ऋञ्जश्व के तहत प्रवेश लेने वाले छात्रों को सरकार द्वारा निशुल्क पुस्तकें और यूनिफॉर्म उपलब्ध कराने के लिए राशि दी जाती है, लेकिन इसके बावजूद कई निजी स्कूल छात्रों से पुस्तकें और ड्रेस अपने खर्च पर खरीदने का दबाव बना रहे हैं, जो नियमों के विपरीत है. परिषद ने यह भी आरोप लगाया कि कक्षा 5 से 12 तक हृष्टश्वऋञ्ज पुस्तकों से पढ़ाई कराने के सरकारी निर्देशों के बावजूद कई निजी स्कूल महंगी निजी प्रकाशकों की पुस्तकें लागू कर रहे हैं. साथ ही, स्कूल यूनिफॉर्म और किताबें केवल तय दुकानों से खरीदने की अनिवार्यता बनाकर अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रहे हैं.

ज्ञापन में निजी स्कूलों द्वारा संचालित वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाए गए. परिषद का कहना है कि कई स्कूल वाहन निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा खतरे में है.

अभाविप ने यह भी मांग की कि सभी निजी स्कूल अपने सूचना पटल पर फीस और पाठ्यक्रम की जानकारी अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें, ताकि अभिभावकों को गुमराह कर मनमानी फीस न वसूली जा सके.

विद्यार्थी परिषद ने प्रशासन से सात दिनों के भीतर जांच कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने की मांग की है. परिषद ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो छात्रों के हित में आंदोलन और प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी

रायसेन में सूने मकान में चोरी का खुलासा

▸ तीन आरोपी गिरफ्तार, जेवर, लैपटॉप और पेन ड्राइव बरामद

नवभारत न्यूज

रायसेन, 4 जुलाई. शहर के यशवंत नगर में सूने मकान में हुई चोरी का कोतवाली पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गए सोने-चांदी के आभूषण, एक लैपटॉप और पेन ड्राइव बरामद की है. तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया.

पुलिस के अनुसार ग्राम सेमरा निवासी एवं वर्तमान में यशवंत नगर में रहने वाले उमेश कुमार शर्मा परिवार सहित विवाह समारोह में सिलवानी गए थे. वापस लौटने पर उन्होंने देखा कि मकान के दरवाजों और अलमारियों के ताले टूटे हुए हैं तथा घर से सोने-चांदी के जेवर, करीब 45 हजार रुपए नकद और अन्य कीमती सामान चोरी हो चुका है. शिकायत पर कोतवाली थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई.

> **इनकी रही अहम भूमिका**
> चोरी का खुलासा करने वाली टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र गोयल, उपनिरीक्षक श्रद्धा उइके, सहायक उपनिरीक्षक बृजमोहन साहू, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र रजक, आरक्षक शशांक दीक्षित, आरक्षक संदीप जैन तथा महिला आरक्षक वर्षा बरैया की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर राकेश कुशवाह (घाटमपुरा), मुकेश बंजारा (मुखर्जी नगर) और छोटू उर्फ नरेश रैकवार (हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी) को हिरासत में लेकर पूछताछ की. पूछताछ में तीनों ने चोरी करना स्वीकार कर लिया. पुलिस ने आरोपी छोटू उर्फ नरेश के कब्जे से चोरी के सोने के आभूषण, एक लैपटॉप और पेन ड्राइव बरामद किए. जांच में यह भी सामने आया कि तीनों आरोपी आदतन अपराधी हैं.

अंबाडी के 15 घरों में घुसा बारिश का पानी

▸ ग्रामीणों का आरोप- कुछ लोगों ने पुलिया से पानी की निकासी बंद की

सलामतपुर, 4 जुलाई. ग्राम अंबाड़ी में बारिश के बाद जलनिकासी की समस्या गंभीर हो गई है. ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत सरपंच को लिखित आवेदन देकर आरोप लगाया है कि स्टेशन रोड के बीच स्थित वर्षों पुरानी सड़क की पुलिया का पानी निकास कुछ लोगों द्वारा बंद कर दिए जाने से मोहल्ले के करीब 15 घरों में पानी भर गया है.

वहीं सड़क तालाब बन गई है

राहगीरों और स्कूली बच्चों को निकालने में परेशानी आ रही है. आवेदन के अनुसार, 3 जुलाई को हुई बारिश का नाली का पानी घरों में घुस गया, जिससे अनाज सहित सामान खराब हो गया. ग्रामीणों का कहना है कि लगातार जलभराव के कारण मकानों की दीवारें भी कमजोर हो गई हैं और गिरने का खतरा बना हुआ है. ग्रामीणों ने सरपंच से पुलिया का पानी निकास बहाल कराने, जलभराव की समस्या दूर करने की मांग की है.

शोकसभा में सरोज जैन को दी श्रद्धांजलि

बेगमगंज, 4 जुलाई. नगर पालिका परिषद के पूर्व पार्षद एवं वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र कुमार जैन की पत्नी सरोज जैन का लंबी

बीमारी के बाद स्वर्गवास हो जाने पर नसिया जी में शोक सभा आयोजित की गई. जिसमें सकल दिगम्बर जैन समाज, परिवारजनों, रिश्तेदारों , अधिवक्ताओं , विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं एवं समाजसेवियों ने जहां शोक श्रद्धांजलि अर्पित कर स्व. सरोज जैन के सामाजिक कार्यों को याद किया.

अब तक 164 .8 मिमी वर्षा

रायसेन, 4 जुलाई. जिले में 01 जून 2026 से 04 जुलाई 2026 तक 164.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई तथा गत वर्ष इसी अवधि में 274.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी. तहसीलदार भू-संसाधन प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून 2026 से 04 जुलाई 2026 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 190.2 मिलीमीटर, गैरतगंज में 140.8, बेगमगंज में 310.5, सिलवानी में 119.8, गौहरगंज में 148.5, बरेली में 180.8, उदयपुरा में 228, बाड़ी में 126, सुल्तानपुर में 89.7 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 113.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है.

24 घंटे में 5.4 मिमी बारिश

जिले में बीते 24 घंटे में 04 जुलाई 2026 को सुबह तक 5.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई. इस दौरान वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 3.6 मिलीमीटर, गैरतगंज में 6.4, बेगमगंज में 6.4, सिलवानी में 1.8, गौहरगंज में 0, बरेली में 16.8, उदयपुरा में 06, बाड़ी में 04, सुल्तानपुर में 0 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 9.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है.

किसानों को वितरित किए अरहर मिनी किट

▸ दलहन उत्पादन बढ़ाने की पहल

नवभारत न्यूज

सिलवानी, 4 जुलाई. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (दलहन) के तहत किसानों की आय बढ़ाने और क्षेत्र में दलहन उत्पादन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्राम करतोली में अरहर मिनी किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कृषि विभाग ने किसानों को उन्नत किस्म के अरहर बीजों के मिनी किट वितरित किए और

वैज्ञानिक खेती की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी. कृषि विस्तार अधिकारी पीयूष ठाकुर ने किसानों से कहा कि दलहन फसलों का अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाना आवश्यक है. उन्होंने बीज उपचार, समय पर बुवाई, संतुलित उर्वरक उपयोग, खरपतवार नियंत्रण तथा फसल संरक्षण के प्रभावी उपायों की जानकारी देते हुए बताया कि इन तकनीकों को अपनाकर किसान कम लागत में बेहतर उत्पादन हासिल कर सकते हैं. अधिकारियों ने किसानों से दलहन फसलों का रकबा बढ़ाने और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया. कार्यक्रम में शामिल किसानों ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध होने से उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी.

साथ ही उन्होंने कृषि विशेषज्ञों से अपनी समस्याओं पर चर्चा कर तकनीकी मार्गदर्शन भी प्राप्त किया. उल्लेखनीय है कि केंद्र एवं राज्य सरकार दलहन उत्पादन बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं.

परेशानी ▸ 78 साल बाद भी सड़क नही,बच्चे रोज़ कीचड़ से जंग लड़कर पहुंच रहे स्कूल

हाथों में चप्पल, कंधे पर बस्ता... कीचड़ में चलता बचपन

अदनान खान

सलामतपुर, 4 जुलाई. आजादी के 78 साल बाद भी देश के ग्रामीण इलाकों से विकास के दावों की पोल खोलती तस्वीरें सामने आ रही हैं. एक तरफ देश डिजिटल इंडिया, चांद और अंतरिक्ष की छलांगें लगा रहा है, वहीं दूसरी तरफ रायसेन जिले में नौनिहालों को शिक्षा पाने के लिए रोज 'कीचड़ की परीक्षा' पास करनी पड़ रही है.

सांची विकासखंड की ग्राम पंचायत जमुनिया के कायमपुर स्थित दौलतपुर टोला में विकास का नक्शा मानो आते-आते

रास्ता ही भूल गया है. यहां की जमीनी हकीकत देखकर सरकार के 'स्कूल चलें हम' अभियान के नारों पर गहरा सवालिया निशान खड़ा होता है. दौलतपुर टोला के बच्चों की रोज की सुबह बेहद चुनौतीपूर्ण होती है.

> **गांव के लोगों में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भारी आक्रोश है.**
> ग्रामीण महाराजसिंह ठाकुर का कहना है कि 'सालों से हम सिर्फ आश्वासन की घुट्टी पी रहे हैं. हर चुनाव में नेता आते हैं, हाथ जोड़ते हैं और सड़क बनवाने का वादा करके चले जाते हैं. लेकिन चुनाव खत्म होते ही हमारा गांव फिर से उसी नरक में तब्दील हो जाता है. हमारे बच्चे रोज अपनी जान जोखिम में डालकर, कीचड़ से जंग लड़ते हुए स्कूल जाते हैं. जगदीश शर्मा का कहना है कि सड़क न होने से हमारा गांव बाकी दुनिया से कट जाता है. स्कूल जाने वाले बच्चों की तकलीफ तो रोज की है ही, लेकिन सबसे ज्यादा डर तब लगता है जब गांव में कोई बीमार हो जाए या किसी गर्भवती महिला को अस्पताल ले जाना हो. एंबुलेंस गांव से तीन किलोमीटर दूर खड़ी रहती है और हमें कीचड़ में पैदल चलकर वहां तक पहुंचना पड़ता है. प्रशासन हमारी इस बड़ी समस्या को पूरी तरह नजरअंदाज कर रहा है.'

लोभ- लालच नहीं करें, साइबर ठगी से बचें ग्रामीण

▸ सहकारी विपणन केंद्र पर 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान

नवभारत न्यूज

सलामतपुर, 4 जुलाई.

डिजिटल युग में बढ़ते ऑनलाइन अपराधों और ठगी के मामलों पर अंकुश लगाने के लिए सलामतपुर पुलिस ने एक अनूठी पहल की है. शनिवार को कस्बे के सहकारी विपणन केंद्र पर 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान के अंतर्गत एक विशेष 'साईबर पाठशाला' का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम में थाना प्रभारी श्यामराज सिंह ने कहा कि आज के समय में मोबाइल और इंटरनेट जितना उपयोगी है, जरा सी

असावधानी से यह उतना ही खतरनाक भी साबित हो सकता है. उन्होंने ग्रामीणों को मुख्य रूप से ओटीपी और पासवर्ड किसी भी अज्ञात व्यक्ति या खुद को बैंक अधिकारी बताने वाले फोन कॉल पर अपना ओटीपी, बैंक खाता संख्या या एटीएम पिन कभी साझा न करें. अज्ञात लिंक्स से दूरी, लॉटरी जीतने, मुफ्त उपहार मिलने या कम समय में पैसा दोगुना करने वाले भ्रामक लिंक्स पर क्लिक करने से बचें. ये 'सेफ क्लिक' नहीं, बल्कि ठगी का जाल होते हैं. ?लोन ऐप्स और सोशल मीडिया पर बिना जांच-पड़ताल के किसी भी अनजान ऐप से लोन न लें और सोशल मीडिया पर किसी भी अजनबी की फ्रेंड रिक्वेस्ट सोच-समझकर स्वीकार करें. यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो जाता है, तो वह तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज कराए, ताकि समय रहते बैंक खातों को फ्रीज कर रकम बचाई जा सके. कार्यक्रम में चौकी प्रभारी सुनील शर्मा, आरक्षक रोहित गोस्वामी, शेरसिंह राजपूत, रीतेश अग्रवाल, दिलीप कक्का आदि उपस्थित थे.